अंदर पढ़े पेज नं.5

पुंछ में आतंकी गतिविधियों की सूचना पर सुरक्षाबल अलर्ट, 12 इलाकों की घेराबंदी



आपकी अपनी आवाज़

# अखंड केसरी

संपादक : अंकित भास्कर

www.akhandkesari.com

अंदर पढ़े पेज नं.3

खनौरी बार्डर पर महापंचायत में किसान नेता बलदेव सिरसा को आया हार्ट अटैक....



• Volume-1 • Issue-2 • Monthly • Febuary 2025 • Pages-6 • Rate- 5/- • Published-Jalandhar • Contact: 90410-51101 • RNI NO: PUNHIN/2021/80910


## इंडस्ट्रियल एरिया की जनता से रूबरू होकर मेयर विनीत धीर ने सुनी समस्याएं और हल करने का दिया आश्वासन

# डेवलपमेंट मेरा शौक-मेयर विनीत धीर





इंडस्ट्रियल एरिया के इंडस्ट्रीअलिस्ट फूलों के गुलदस्तों के साथ मेयर विनीत धीर का अभिनंदन करते हुए। ( दाएं ) प्रमुख तौर पर पधारे राजन शारदा सचिव पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी को फूलों का गुलदस्ता भेंट करके सम्मानित करते हुए मेयर विनीत धीर। छाया: विजयपाल सिंह



**मेयर विनीत धीर ने विशेषतौर पर कहा कि 20 तारीख को होने वाली हाऊस मीटिंग में पायलट प्रोजैक्टों के ऊपर काम करने की प्लानिंग की जाएंगी। जिसमें शहर में कूड़े के ढंपों रख-रखाव, रेहड़ीवालों के लिए विशेष तौर पर बनाई जा रही शेड व बाथरूम, शहर में नहरों के रख-रखाव और पार्कों के सौंदर्यकरण और एडॉप्शन प्लॉसी, नगर-निगम को नई मशीनरी लाने प्लानिंग की जाएंगी।**

**जालंधर • रिंकू सैनी**

बीते दिनों इंडस्ट्रियल एरिया के इंडस्ट्रीअलिस्ट एवं कई संस्थाओं ने मिलकर जालंधर के नवनियुक्त मेयर विनीत धीर का अभिनंदन समारोह आयोजित किया। इंडस्ट्रीअलिस्ट एवं कई संस्थाओं ने मिलकर जालंधर के मेयर विनीत धीर का जोरदार शानदार स्वागत किया।

इस अवसर पर मेयर विनीत धीर ने इंस्ट्रीअलिस्ट और संस्थाओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि पार्षद चुनाव के बाद आपके आशीर्वाद से मैं मेयर नियुक्त किया जा चुका हूं, लिहाजा अब जब-जब आपके बीच आऊंगा तो आपको कुछ देने के लिए ही आऊंगा।

इस दौरान इंडस्ट्रियल एरिया में इंडस्ट्रीअलिस्ट एवं इलाके की जनता को आ रही जन समस्याओं को बड़े बारीकी से सुना और अपनी डायरी में स्वयं नोट करते हुए आ रही समस्याओं को जल्द सुलझाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने इंडस्ट्रियल एरिया के चौकों में ट्रैफिक लाईटों, स्ट्रीट लाईटों, पुलिस पैट्रोलिंग और पार्कों के सौंदर्यीकरण की मांगों का सुना और आश्वासन दिया जल्द से जल्द इन मांगों को भी पूरा किया जाएगा। इस आयोजित अभिनंदन समारोह में मेयर विनीत धीर ने कहा कि शहर का विकास कैसे होना है और किस जगह, किस चीज की कमी है, यह मुझे सब पता है। मैं सब बेहतर करके दिखाऊंगा। हां अगर कोई कमी रह जाए तो तब आप मुझे बताना। उन्होंने कहा कि डेवलपमेंट मेरा शौक है।



इंडस्ट्रीअलिस्टों के साथ मेयर विनीत धीर पौधा रोपण की रस्म अदा करते हुए। छाया: विजयपाल सिंह

इसी अवसर पर राजन शारदा सचिव पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी और इलाके के पार्षद सौरभ सेठ भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

उन्होंने मेयर विनीत धीर का तहेदिल से धन्यवाद करते हुए कहा कि हमें नवनियुक्त मेयर साहब से बड़ी उम्मीदें और हम आशा करते है कि जालंधर को स्मार्ट सिटी बनाने में जालंधरवासियों की मदद करेंगे। कार्यक्रम में पहुंचे रमन भल्ला, राकेश जैन, बलदेव गुप्ता, नितिन जैन, नरेश जैन, अजय जैन, वरुण भल्ला, गौरव जैन, सूरज प्रकाश विरदी, साहिल जैन एडवोकेट, वंशिम मानिक, विशाल मानिक, दीक्षित महाजन, अमित महाजन, कविंद्र जैन, सोनू जैन व अन्य संस्थाओं के सदस्य मौजूद थे।



इंडस्ट्रीअलिस्टों और इलाकानिवासियों को संबोधित करते हुए।

## हिंदी समाचार पत्र अखंड केसरी की तरफ से करवाई गई वंदनीय मां सरस्वती पूजा की प्रमुख झलकियां







हिंदी समाचार पत्र अखंड केसरी की तरफ से करवाई गई मां सरस्वती की पूजा एवं लंगर भंडारे में विशेष तौर पर पहुँचे विधायक रमन अरोड़ा व उनके साथ अखंड केसरी के संपादक अंकित भास्कर, पत्रकार विजयपाल व अन्य। छाया व विवरण: सुखविन्द्र सुखी





हिंदी समाचार पत्र अखंड केसरी की तरफ से करवाई गई मां सरस्वती की पूजा एवं लंगर भंडारे में विशेष तौर पर पहुँचे स. मनविंदर सिंह डिप्टी डायरेक्टर ( सूचना एवं जनसंपर्क विभाग पंजाब ) व अखंड केसरी के संपादक अंकित भास्कर, वरिष्ठ पत्रकार पवन। ( दाएं ) स. मनविंदर सिंह डिप्टी डायरेक्टर ( सूचना एवं जनसंपर्क विभाग पंजाब ) को सम्मानित करते हुए संपादक अंकित भास्कर व पत्रकार सोनू छाबड़ा। छाया व विवरण: सुखविन्द्र सुखी

# 1984 सिख दंगा केस : पिता-पुत्र की हत्या के मामले में सज्जन कुमार दोषी करार, कोर्ट 18 फरवरी को सुनाएगी सजा

**नई दिल्ली ● अखंड केसरी ब्यूरो**

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगे के एक मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को दोषी ठहराया है। यह मामला 1 नवंबर, 1984 को सरस्वती विहार इलाके में पिता-पुत्र की हत्या से जुड़ा है। दिल्ली की अदालत ने बुधवार (12 फरवरी) को सिख दंगा केस में बड़ा फैसला सुनाया है।

कोर्ट ने 41 साल पुराने मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को दोषी करार दिया है। राउज एवेन्यू कोर्ट में अब 18 फरवरी को सज्जन कुमार की सजा को लेकर बहस होगी। मामला 1 नवंबर 1984 को सरस्वती विहार इलाके में पिता-पुत्र की हत्या से जुड़ा है।




### जानिए पूरा मामला

बता दें कि 31 अक्टूबर 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके सिख अंगरक्षकों ने हत्या कर दी थी। 1 नवंबर को दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में सिख विरोधी दंगे भड़क उठे। हिंसा की जांच के लिए गठित नानावटी आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, हिंसा में सिर्फ दिल्ली में 2700 लोग मारे गए थे। देशभर में मरने वालों का आंकड़ा 3500 के करीब था। मई 2000 में दंगे की जांच के लिए जीटी नानावती कमीशन का गठन हुआ।

### 2013 में हाईकोर्ट में की अपील

24 अक्टूबर 2005 को सीबीआई ने नानावती कमीशन की सिफारिश पर केस दर्ज किया। 1 फरवरी 2010 को ट्रायल कोर्ट ने कांग्रेस नेता सज्जन कुमार, बलवान खोकर, महेंद्र यादव, कैप्टन भागमल, गिरधारी लाल, किशन खोकर, महा सिंह और संतोष रानी को समन जारी किया। 30 अप्रैल 2013 को कोर्ट ने सज्जन कुमार को बरी कर दिया। इसके बाद ष्टक्चढ्ढ ने मामले में 19 जुलाई 2013 को हाईकोर्ट में अपील की।

### 2018 में सुनाई उम्रकैद की सजा

हाईकोर्ट ने 22 जुलाई 2013 को सज्जन कुमार को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने 17 दिसंबर 2018 को सज्जन कुमार को पांच सिखों की हत्या का दोषी ठहराया और उम्रकैद की सजा सुनाई। तब से सज्जन तिहा? जेल में सजा काट रहे हैं। बलवान खोकर, भागमल और गिरधारी लाल की उम्रकैद की सजा बरकरार रही। महेंद्र यादव और किशन खोकर की सजा बढ़ाकर 10 साल कर दी। पार्षद से शुरू हुआ राजनीतिक सफर सज्जन कुमार का जन्म 23 सितंबर 1945 को हुआ। 1977 में सज्जन पहली बार पार्षद बने। इसके बाद सज्जन को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) का महासचिव नियुक्त किया गया। 1980 में सातवीं लोकसभा के लिए चुने गए। 1991 में फिर लोकसभा के लिए चुने गए। 2004 में सज्जन ने बाहरी दिल्ली सीट से 855,543 वोटों से रिकॉर्ड जीत हासिल की थी। 1984 के सिख दंगों से संबंधित मामले में दोषी ठहराया। आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद सज्जन ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

### अभियोजन गंभीरता से किया जाना चाहिए

सुप्रीम कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामलों में बरी किए गए लोगों के खिलाफ पील दायर करने

शेष पृष्ठ 4 पर....

# पीएम मोदी के चिथड़े उड़ जाएंगे

## मुंबई पुलिस को फोन पर मिली धमकी से हड़कंप, चेंबूर से एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली ● अखंड केसरी ब्यूरो**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विमान आतंकी हमला करने की धमकी मिली है। मंगलवार (11 फरवरी) को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में फोन आया। फोन करने वाले कहा कि पीएम मोदी के चिथड़े-चिथड़े उड़ जाएंगे, रोक सको तो रोक लो। कॉल आने के तुरंत बाद मुंबई पुलिस एक्टिव हो गई। सभी सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट किया। धमकी देने वाली की तलाश शुरू हुई। बुधवार (12 फरवरी) को पुलिस ने चेंबूर इलाके से एक शख्स को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया- पकड़ा गया शख्स मानसिक रोगी है।



### अमेरिका दौरे से पहले धमकी

बता दें कि पीएम मोदी इन दिनों फ्रांस और अमेरिका दौरे पर हैं। आज से उनका दो दिवसीय अमेरिका दौरा शुरू हो जाएगा। मंगलवार (11 फरवरी) को मुंबई पुलिस नियंत्रण कक्ष को एक कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि आतंकवादी प्रधानमंत्री मोदी के विमान पर हमला कर सकते हैं। कॉल करने वाले ने चेतावदी दी कि पीएम मोदी के चिथड़े-चिथड़े उड़ जाएंगे, रोक सको तो रोक लो। इसके बाद मुंबई पुलिस ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट किया। बुधवार को पुलिस ने चेंबूर इलाके से एक शख्स को गिरफ्तार किया।


### पीएम मोदी नवंबर 2024 में मिली थी धमकी

- बता दें कि पीएम मोदी को इससे पहले भी कई बार धमकी मिल चुकी है। नवंबर 2024 को मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम में धमकी भरा फोन आया था। पुलिस ने 34 साल की महिला को हिरासत में लिया था। पूछताछ में पता चला था कि महिला मानसिक रूप से अस्थिर है। उसने शरारत में फोन किया था। महिला का कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड भी नहीं था।
- 2023 में हरियाणा के एक शख्स ने वीडियो वायरल करते हुए मोदी को गोली मारने की धमकी दी थी। 2022 में मोदी को जेवियर नाम के एक शख्स ने धमकी दी थी। 2018 में महाराष्ट्र के मोहम्मद अलाउद्दीन खान नाम के शख्स ने फेसबुक पेज पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो जान से मारने की धमकी दी थी।

# 50,000 करोड़ के पार होगा भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट, अमेरिका और फ्रांस भी अब खरीदेंगे मेड इन इंडिया वाले हथियार

**अमेरिका ● न्यूज नेटवर्क**

पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लांचर सिस्टम को लेकर फ्रांस के साथ डील की खबरों के बीच साल 2023 24 में भारत ने दूसरे देशों को 21000 करोड रुपए के हथियार बेचे हैं। अब क्योंकि भारत की डिफेंस इंडस्ट्री ग्रो कर रही है तो यह एक बड़ा नंबर है। लेकिन सबसे मजेदार बात यह है कि भारत कुछ साल पहले तक अमेरिका और फ्रांस से बड़ी मात्रा में हथियार लेता था। अब भारत इन देशों को डिफेंस मैटेरियल एक्सपोर्ट कर रहा है। वह दिन दूर नहीं जब यह देश भारत में बने स्वदेशी हथियारों की खरीद करेंगे। देश के डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी से बदलाव आ रहे हैं। यह सेक्टर पहले आयात पर निर्भर रहता था, लेकिन अब अत्याधुनिक सैन्य प्रौद्योगिकियों के लिए वैश्विक केंद्र बन गया है। आत्मनिर्भरता के लिए प्रयास अब इंपोर्टेड कंपोनेंट्स को



असेंबल करने तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक मानकों को टक्कर देने वाली अगली पीढ़ी की डिफेंस सिस्टम विकसित करने तक विस्तारित हो चुका है।

एक दशक पहले तक भारत का रक्षा निर्यात मात्र 2000 करोड़ था। 2024 में यह 21000 करोड़ तक पहुंच गया है। एक दशक में अप्रत्याशित रूप से आकर बड़ा है। भारत के हथियार ज्यादातर देशों से निर्यात किए गए हैं। ऐसे में बड़े डिफेंस प्लेयर्स के आगे छोटी सी भारत की डिफेंस इंडस्ट्री के लिए बड़ा चैलेंज था। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत एयरोस्पेस कंपोनेंट्स और कॉम्प्लेक्स सिस्टम असेंबली के लिए ग्लोबल स्तर पर एक पसंदीदा डेस्टिनेशन बन चुका है। सार्वजनिक और निजी इंडस्ट्री अहम भूमिका निभा रही हैं। 2025-26 के अंत तक रक्षा उत्पादन 1.60 लाख करोड़ रुपये

शेष पृष्ठ 3 पर....

## फ्रीबीज पर स्ट्ट की तीखी टिप्पणी

# कोर्ट ने कहा-फ्री राशन और पैसा मिल रहा, इसलिए लोग काम नहीं करना चाहते

**नई दिल्ली ● अखंड केसरी ब्यूरो**

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार (12 फरवरी) को शहरी गरीबी उन्मूलन पर सुनवाई हुई। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सुनवाई में सख्त टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि फ्रीबीज की वजह से लोग काम करने से बचना चाह रहे हैं। लोगों को बिना काम किए पैसे मिल रहे हैं। ऐसे में उन्हें मुख्यधारा में लाना प्राथमिकता है। कोर्ट ने सुनवाई में कहा कि %दुर्भाग्य से, मुफ्त वाली योजनाओं के चलते लोग काम नहीं करना चाहते। उन्हें मुफ्त राशन मिल रहा है। उन्हें बिना कोई काम किए पैसे मिल रहे हैं। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि आपकी बेघर लोगों की चिंता किए जाने की हम तारीफ करते हैं, लेकिन क्या ये अच्छा नहीं होगा कि इन लोगों को समाज की मुख्य धारा में शामिल किया जाए और देश के विकास में इन्हें भी योगदान देने का मौका मिले। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमाणी ने बुधवार को कोर्ट को बताया कि केंद्र सरकार शहरी इलाकों में गरीबी को मिटाने के लिए शहरी गरीबी



शेष पृष्ठ 4 पर....

# अश्लील कॉमेडी विवाद: रणवीर अलाहबादिया के 2 दिन में घटे 1.4 लाख फॉलोअर्स

**नई दिल्ली ● स्पीड नेशन ब्यूरो**

कॉमेडियन समय रैना के चर्चित रिएलिटी शो इंडियाज गॉट लेटेंट में अश्लील कॉमेडी करने के चलते यूट्यूब-पॉडकास्टर रणवीर अलाहबादिया काफी मुश्किल में फंस गए हैं। सोशल मीडिया पर उनकी कड़ी निंदा हो रही है। यूट्यूब, इंस्टाग्राम समेत अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रातों-रात उनके लाखों फॉलोअर्स घट रहे हैं। वहीं कई ब्रैंड्स ने उनके साथ काम करने से कदम पीछ कर लिए हैं।

शो में आपत्तिजनक कमेंट करने के चलते रणवीर अलाहबादिया की खूब आलोचना हो रही है। असम, मुंबई और इंदौर में उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज हो चुकी है। इसी बीच महज 2 दिन के अंदर सोशल मीडिया पर उनके लाखों फैंस ने अनफॉलो कर दिया। इन्फ्लूएंसर मार्केटिंग इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म त्त्थ्हृढ्ढ5 की एक रिपोर्ट के अनुसार, दो दिनों में रणवीर के कुल सोशल मीडिया सब्सक्राइबर/फॉलोअर्स में लगभग 1.42 लाख की गिरावट आई है। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट @ranvirallahbadia पर दो दिनों में 29 हजार फॉलोअर्स घटे। वहीं उनके दूसरे इंस्टाग्राम अकाउंट beerbiceps पर सोमवार से 43 हजार फॉलोअर्स की गिरावट देखी गई।



- उनके यूट्यूब चैनल बीयर बाइसेप्स पर 10 फरवरी से अब तक लगभग 50,000 सब्सक्राइबर्स घट गए, जबकि रणवीर अलाहाबादिया नाम से उनके दूसरे यूट्यूब चैनल पर 20 हजार से अधिक सब्सक्राइबर्स घटे।

शेष पृष्ठ 4 पर....

# अयोध्या राम मंदिर के मुख्य पुजारी का निधन: आचार्य सत्येंद्र दास ने लखनऊ पीजीआई में ली आखिरी सांस; 33 साल की रामलला की सेवा

**अयोध्या ● अखंड केसरी ब्यूरो**

उत्तर प्रदेश के अयोध्या से दुखद खबर है। श्री राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का 80 साल की उम्र में निधन हो गया। बुधवार (12 फरवरी) सुबह 7 बजे लखनऊ पीजीआई में सत्येंद्र दास ने आखिरी सांस ली। 3 फरवरी को ब्रेन हैमरेज के बाद रामदास को अयोध्या से लखनऊ रेफर किया था। बुधवार सुबह 7 बजे अस्पताल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सत्येंद्र दास के निधन की जानकारी दी। आचार्य सत्येंद्र दास का पार्थिव शरीर अयोध्या लाया जाएगा। उनके आश्रम सत्य धाम गोपाल मंदिर में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा।



### अमित शाह ने जताया शोक

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा है कि राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास जी का निधन संत समाज और श्रद्धालुओं के लिए अपूरणीय क्षति है। राम भक्तों के बीच श्रद्धा और आस्था के प्रतीक रहे आचार्य जी का जीवन प्रभु की सेवा और भक्तों के मार्गदर्शन में सदैव समर्पित रहा। श्री राम जन्मभूमि आंदोलन में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई। प्रभु श्री राम पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों और अनुयायियों को संबल प्रदान करें।

### आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति

आचार्य सत्येंद्र दास के निधन पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। सीएम योगी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा है कि परम रामभक्त, श्री राम जन्मभूमि मंदिर, श्री अयोध्या धाम के मुख्य पुजारी आचार्य श्री सत्येन्द्र कुमार दास जी महाराज का निधन अत्यंत दु:खद एवं सामाजिक व आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति हैं। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। प्रभु श्री

शेष पृष्ठ 4 पर....

# भारत ने इंग्लैंड को 142 रन से हराया, 3-0 से सीरीज पर कब्जा; गिल का शतक, आदिल को 4 विकेट

**नई दिल्ली ● अखंड केसरी ब्यूरो**

भारतीय क्रिकेट टीम ने 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बुधवार (12 द्धद्गड्ढ) को खेले गए तीसरे एकदिवसीय मैच में इंग्लैंड को 142 रन से हरा दिया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 356 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की पूरी टीम 214 रन पर ढेर हो गई। इंग्लैंड की तरफ से टॉम बैंटन और गस एटकिंसन ने सर्वाधिक 38-38 रन बनाए। भारत ने इंग्लैंड को 357 रन का टारगेट दिया। भारतीय टीम ने 50 ओवर में 356 रन बनाए। शुभमन गिल (102 बॉल पर 112 रन) ने शतक लगाया। विराट कोहली ने 52, श्रेयस अय्यर ने 78 और केएल राहुल ने 40 रन बनाकर स्कोर 350 के पार पहुंचाया। इंग्लैंड से आदिल रशीद ने 4 और मार्क वुड ने 2 विकेट लिए। गस एटकिंसन, साकिब महमूद और जो रूट को एक-एक विकेट मिला। 3 वनडे की सीरीज में भारत 2-0 से आगे है। इंग्लैंड ने 10 ओवर के बाद 2 विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाए। टॉम बैंटन और जो रूट क्रीज पर हैं। अर्शदीप सिंह ने 2 विकेट लिए, उन्होंने बेन डकेट और फिल सॉल्ट का विकेट हासिल किया। डकेट ने 34 और सॉल्ट ने 23 रन बनाए।




शुभमन गिल ने अपना सातवां वनडे शतक ठोका। उन्होंने 95गेंद में शतक पूरा किया। गिल और श्रेयस अय्यर के बीच तीसरे विकेट के लिए 100 प्लस रन की साझेदारी हो चुकी है। श्रेयस भी अर्धशतक जमा चुके हैं। भारत की शुरुआत खराब रही थी। पिछले मैच के शतकवीर रोहित शर्मा


शेष पृष्ठ 4 पर....

# महाकुंभ 2025: संगम में 50 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी, सीएम योगी ने अखिलेश यादव पर साधा निशाना

**नई दिल्ली ● अखंड केसरी ब्यूरो**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में ऐतिहासिक महाकुंभ 2025 मेला चल रहा है। बुधवार (12 फरवरी) माघी पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। शाम 5 बजे तक संगम में 1.80 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। सीएम योगी ने दावा किया 13 जनवरी से अब तक (पिछले एक महीने में) 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं।

**प्रयागराज महाकुंभ में बुधवार (12 फरवरी) माघी पूर्णिमा पर भारी भीड़ रही। शाम 5 बजे तक संगम में 1.80 करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। सीएम योगी ने कहा, महाकुंभ में अब तक 50 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगाई है।**




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बागपत में जनसभा संबोधित की। इस दौरान उन्होंने बताया, प्रयागराज महाकुंभ में आज माघी पूर्णिमा पर करोड़ों लोग डुबकी लगा रहे हैं। यह नया उत्तर प्रदेश है, जिसकी आबादी 25 करोड़ है। प्रयागराज में कल तक 50 करोड़ लोग डुबकी लगा चुके हैं।


### अखिलेश यादव पर निशाना

सीएम योगी ने इस दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। कहा, कुछ लोगों को छिपकर काम करने की आदत है। कोरोना काल में छिपकर वैक्सीन लगवा ली और दुनिया को कहते रहे कि वैक्सीन मत लगवाओ। अब संगम में छिपकर डुबकी लगाकर वापस आ गए और जनता से कह रहे हैं कि डुबकी मत लगाओ।

### एक्टर आशुतोष राणा ने किया संगम स्नान

फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा सहित देश की तमाम जानी मानी हस्तियां भी बुधवार को महाकुंभ पहुंचीं।

संगम में पवित्र डुबकी लगाने के बाद महाकुंभ के महत्व को बताया। एक्टर आशुतोष राणा ने ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से आशीर्वाद लेने पहुंचे।



# खनौरी बार्डर पर महापंचायत में किसान नेता बलदेव सिरसा को आया हार्ट अटैक, अस्पताल में भर्ती

**चंडीगढ़/जींद/अखंड केसरी ब्यूरो**



जींद के खनौरी बॉर्डर आंदोलन के एक वर्ष पूरा होने पर आज किसान महापंचायत हो रही है। किसान महापंचायत की शुरुआत हुई। महापंचायत शुरू होते ही किसान नेता बलदेव सिरसा को हार्ट अटैक आ गया। उनको चंडीगढ़ के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

महापंचायत के लिए किसानों के जत्थे लगातार खनौरी बार्डर पर पहुंच रहे हैं। खनौरी बार्डर पर महापंचायत की शुरुआत अरदास से हुई। इसमें देश भर से किसान नेता शामिल हुए हैं। फिलहाल किसान नेता अपनी मांगों को लेकर जगजीत सिंह डल्लेवाल के समर्थन में आवाज उठा रहे हैं।

किसान नेताओं ने कहा कि अगर वह अपनी आवाज को बुलंद नहीं कर सके तो, आगामी पीढ़ियों के लिए खेती खतरे में होगी। सरकार जब तक एमएसपी समेत अन्य मांगों को पूरा नहीं करेगी। उनकी लड़ाई जारी रहेगी। 14 फरवरी को केंद्र सरकार के साथ होने वाली बैठक का भी पूरा प्लान जगजीत सिंह डल्लेवाल के साथ किसानों ने तैयार किया है। नरवाना रोड से किसानों के पैदल जत्थे खनौरी बार्डर पर पहुंच रहे हैं।

इस दौरान रत्नपुरा मोर्चा से इंद्रजीत सिंह पन्नीवाल, संदीप सिंह, सुखजीत सिंह हरदोझंडे, मनप्रीत सिंह मौजूद रहे। आंदोलन में कोई बड़ी गतिविधि न हो, इसको लेकर प्रशासन अलर्ट है। बार्डर पर 12 अर्धसैनिक बलों और पुलिस की टुकड़ियां तैनात की गई हैं।

# टायर फैक्टरी में लगी भीषण आग, 15 घंटे बाद भी आग बुझाने में जुटी 10 गाड़ियां; सभी सुरक्षित बाहर निकाले

**सोनीपत/अखंड केसरी ब्यूरो**



सोनीपत के गांव रामनगर के पास औद्योगिक क्षेत्र स्थित टायर फैक्टरी में देर रात अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया और पूरी फैक्टरी जलकर खाक हो गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। 15 घंटे बाद भी आग पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे हैं, फैक्टरी में पड़े टायरों के स्क्रैप के चलते दमकल कर्मियों को फैक्टरी में लगी आग पर काबू पाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

गांव रामनगर-धतूरी रोड पर स्थित फैक्टरी में पुराने टायरों में से तेल निकालने का काम किया जाता है। मंगलवार देर रात करीब 10.30 बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग फैलती चली गई। टायर के अवशेषों ने आग पकड़ ली। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। फैक्टरी में अफरातफरी का माहौल मच गया। वहां काम कर रहे श्रमिकों ने भागकर अपनी जान बचाई। श्रमिकों ने मामले की सूचना फैक्टरी मालिक व दमकल विभाग को दी।

सूचना के बाद आग पर काबू पाने के लिए सोनीपत, राई, बड़ी औद्योगिक क्षेत्र, गन्नौर व कुंडली से दमकल विभाग की 10 गाड़ियां बुलाई गई। देर रात से ही फैक्टरी में लगी आग को बुझाने का काम जारी है, लेकिन बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे तक भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। दमकल कर्मियों का कहना है कि फैक्टरी में रखा स्क्रैप अधिक है, जो आग पर काबू पाने में बाधा बना हुआ है। आग काबू पाने के कुछ देर बाद फिर धधक रही है। उप दमकल अधिकारी सुमित कुमार ने कहा कि आग इतनी भयंकर है कि दूर तक टायरों के जलने की बदबू आ रही थी। आग की लपटों से दूर तक धुआं ही धुआं नजर आ रहा था। जिस समय फैक्टरी में आग लगी, उस समय फैक्टरी में श्रमिक काम कर रहे थे, हालांकि स्थिति को भांपते हुए सभी कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। फैक्टरी में आग से कितना नुकसान हुआ है, इसका अभी आकलन नहीं लग पाया है।

# कारण बताओ नोटिस का अनिल विज ने आठ पन्नों में दिया जवाब, कहा-और कुछ चाहिए तो वो भी बताएं

**अंबाला/अखंड केसरी ब्यूरो**




हरियाणा सरकार के मंत्री अनिल विज ने पार्टी की तरफ से दिए कारण बताओ नोटिस का जवाब दे दिया है। विज ने आठ पन्नों में अपना जवाब दिया है। अंबाला में पत्रकारों से बातचीत में विज ने कहा कि मैं तीन दिन से बेंगलुरु में था। कल घर आकर पहले नहाया फिर खाना खाया और उसके बाद बैठ कर नोटिस का जवाब दिया। नोटिस का जवाब समय से पहले दे दिया है। मैंने इस चिट्ठी में लिखा है कि अगर और किसी बात का जवाब चाहिए तो वो भी देने को तैयार हूं। अब पार्टी की कार्रवाई पर नजर अब विज के जवाब पर ही पार्टी की अगली कार्रवाई टिकी है। जानकार कहते हैं कि यदि विज अपने बयानों पर खेद जताते हैं तो पार्टी उन्हें चेतावनी देकर इस मामले को यही खत्म कर देगी। कार्रवाई के तौर पर पार्टी उनसे मंत्री पद वापस ले सकती है।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि विज को नोटिस देने के पीछे एक कारण यह भी है कि बाकी लोगों को भी एक कड़ा संदेश देना चाहती है। मंत्रिमंडल में सैनी से सीनियर कई मंत्री हैं। ऐसे में आगे कोई इस तरह की घटना न हो, इसलिए पार्टी की ओर से कार्रवाई की गई है।

## बेबाकी के लिए जाने जाते हैं विज

पार्टी के कद्दावर नेता व सात बार के विधायक अनिल विज अपनी बेबाकी के लिए जाने जाते हैं। उनकी पहले भी सरकार और आईएएस व आईपीएस अधिकारियों के साथ तकरार होती रही है।

मगर उन्होंने कभी सार्वजनिक तौर पर इतने सख्त बयान नहीं दिए। उस दौरान भी पार्टी ने ऐसे मामलों में कभी संज्ञान नहीं लिया।

यह पहली बार है जब उन्होंने खुलकर मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ बयान दिया है। इस बार पार्टी ने विज के बयानों को गंभीरता से लिया है। भाजपा सरकार में यह पहली बार है, जब किसी मंत्री को संगठन की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

# हत्या या आत्मदाह: बहादुरगढ़ के शिव पार्वती मंदिर में मिला व्यक्ति का अधजला शव, पुलिस मौके पर पहुंची

**बहादुरगढ़/अखंड केसरी ब्यूरो**



बहादुरगढ़ के कबीर बस्ती स्थित शिव पार्वती हनुमान मंदिर में बुधवार सुबह एक युवक का अधजला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने जब मंदिर में शव देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर डीसीपी मयंक मिश्रा, एसीपी राजेंद्र कुमार, सीआईए-1 से इंस्पेक्टर रवींद्र कुमार और एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम पहुंची और जांच शुरू की।

## पहचान में जुटी पुलिस

मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है, लेकिन उसकी उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच आंकी जा रही है। पुलिस को संदेह है कि युवक की हत्या कहीं और कर शव को मंदिर परिसर में लाकर जलाया गया है। शव की स्थिति को देखते हुए मामले को हत्या से जोड़कर देखा जा रहा है।

## स्थानीय लोगों में दहशत

सुबह जब कॉलोनी के लोग पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे, तो वहां अधजला शव देखकर घबरा गए। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मंदिर के पास इकट्ठा हो गए। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया, जो जांच में जुटी हुई है।

## जांच जारी

पुलिस फिलहाल हत्या और आत्मदाह दोनों कोणों से मामले की जांच कर रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि पता लगाया जा सके कि शव को मंदिर में कब और कैसे लाया गया।

## पुलिस ने मांगी लोगों से मदद

पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि यदि किसी ने संदिग्ध गतिविधि देखी हो या मृतक की पहचान के संबंध में कोई जानकारी हो, तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है, और रिपोर्ट आने के बाद मामले में और खुलासे होने की उम्मीद है।

# अमेरिका में मौत, 12 दिन बाद कृष्ण को नसीब वतन की मिट्टी, शव लाने में खर्च हुए 40 लाख

**इस्माईलाबाद/अखंड केसरी ब्यूरो**

परिवार, रिश्तेदारों व संस्थाओं की मदद से आखिरकार 12 दिन बाद कुरुक्षेत्र के इस्माईलाबाद के गांव ठसका मीरांजी के कृष्ण कुमार के शव को वतन की मिट्टी नसीब हो गई। सोमवार देर रात गांव ठसका मीरांजी में अमेरिका से उसका शव पहुंचा।

परिवार को सांत्वना देने के लिए गांव व आसपास के गांव के लोगों का तांता लगा रहा। मंगलवार को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। मृतक कृष्ण कुमार के 10 वर्षीय बेटे ने मुखाग्नि दी।

28 जनवरी की रात को अमेरिका में रह रहे कृष्ण कुमार की काम से घर आते वक्त सड़क दुर्घटना में मौके पर ही मौत हो गई थी।

मौत की सूचना मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और परिवार लगातार कृष्ण के शव को भारत लाने के लिए प्रयास कर रहा था।

## आठ महीने पहले गया था विदेश

31 वर्षीय कृष्ण कुमार करीब आठ महीने पहले कनाडा गया था। कनाडा में दो महीने रुकने के बाद वह अमेरिका चला गया था। वह पेंसिल्वेनिया शहर में रह रहा था। इस शहर के नजदीक ही कृष्ण की बुआ का लड़का और जीजा भी रहते हैं। उन्होंने ही कृष्ण को अपने पास बुलाया था।

कृष्ण कुमार रेस्टोरेंट में कुकिंग का काम करता था। 28 जनवरी को कृष्ण ड्यूटी से अपने दोस्त के साथ गाड़ी में घर लौट रहा था। इस दौरान उनकी कार का ट्रक के साथ एक्सीडेंट हो गया था, जिसमें कृष्ण कुमार की मौके पर ही मौत हो गई थी। पूरा परिवार कृष्ण कुमार के अंतिम दर्शन की आस लगाए हुए था।

## अकेला कमाने वाला था कृष्ण

कृष्ण कुमार कर्ज लेकर कनाडा पहुंचा था। वह दो बहनों का इकलौता भाई था और परिवार में इकलौता कमाने वाला था। कृष्ण के पिता हरि सिंह पैरालाइज्ड है। करीब 12 साल पहले पीपली की रहने वाली सुनीता के साथ कृष्ण कुमार की शादी हुई थी। उनके 10 साल का बेटा प्रतीक और 3 साल का बेटा हर्षित है।



## शव को लाने के लिए खर्च हुए 35 से 40 लाख

गांव के पूर्व सरपंच दिलबाग सिंह गुराया ने बताया कि परिवार कृष्ण कुमार के शव का भारत लाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा था। अमेरिका में रह रहे परिजनों, संस्थाओं व परिवार की कोशिशों से आखिरकार सोमवार को करीब 11 बजे शव दिल्ली पहुंचा। दो से तीन घंटे इमीग्रेशन की कार्यवाही के बाद सोमवार देर रात कृष्ण कुमार का शव गांव पहुंचा। शव भारत लाने के लिए परिवार के 35 से 40 लाख रुपये खर्च हुए हैं। पहले ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटा हुआ है और बेटे के अंतिम दर्शन के लिए भी उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को ऐसे मामलों में कोई सरल प्रक्रिया लागू करनी चाहिए ताकि परिवार को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

## *रेवाड़ी में सड़क हादसा: कार की ट्रक से हुई टक्कर, दो युवकों की मौत; घर का इकलौता बेटा था पुष्पेंद्र*

***रेवाड़ी/अखंड केसरी ब्यूरो***

*रेवाड़ी में एनएच 11 गांव हरिनगर के पास एक कार की ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। मृतकों की पहचान गांव चिल्हड़ निवासी संदीप यादव और पुष्पेंद्र उर्फ गोलू के रूप में हुई है। वहीं, घायल ततारपुर का रहने वाला है। मिली जानकारी के मुताबिक हादसा सुबह के समय हुआ था। मौके पर राहगीरों की तरफ से डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी गई। जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो कार का शीशा तोड़कर घायलों को बाहर निकाला गया। उसके बाद पुलिस ने इलाज के लिए घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।*

# संत रविदास जयंती महोत्सव के चलते करंट लगने से चार लोग झुलसे, एक की मौत; अफरा-तफरी मची




**कुरुक्षेत्र/अखंड केसरी ब्यूरो**

कुरुक्षेत्र के गांव मोरथला में संत रविदास जयंती महोत्सव के दौरान बुधवार को निकाली जा रही निशान यात्रा में अचानक अफरा-तफरी मच गई, जब चार लोग करंट की चपेट में आ गए। हादसे में गांववासी तेजपाल की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोगों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बिजली के तार से टकराया निशान, हुआ हादसा

जानकारी के मुताबिक, संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महोत्सव में शामिल हुए थे। इसी दौरान जब निशान यात्रा निकाली जा रही थी, तो निशान अचानक बिजली के तारों से टकरा गया। इसे पकड़ रहे चार लोग करंट की चपेट में आ गए और बुरी तरह झुलस गए। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह उन्हें करंट से अलग किया, लेकिन तब तक तेजपाल की हालत गंभीर हो चुकी थी।

## एक की मौत, तीन अस्पताल में भर्ती

घायलों को तुरंत जिला नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान तेजपाल ने दम तोड़ दिया। वहीं, अन्य तीन घायलों का इलाज जारी है। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

## पुलिस जांच में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही थाना सदर प्रभारी बलजीत सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। उन्होंने अस्पताल जाकर घायलों का हाल-चाल भी जाना। फिलहाल मृतक के शव को मोर्चरी हाउस में रखवा दिया गया है, जबकि घायल अभी बयान देने की स्थिति में नहीं हैं। एसएचओ बलजीत सिंह ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और जल्द ही हादसे के कारणों का पता लगाया जाएगा।

# हिसार एयरपोर्ट के लाइसेंस के लिए पहुंचेगी छह सदस्यीय टीम, तीन दिन तक करेगी निरीक्षण करेगी

**हिसार/अखंड केसरी ब्यूरो**




हिसार एयरपोर्ट को लाइसेंस जारी करने के लिए नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) यानी डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन, की टीम बुधवार को हिसार पहुंचेगी।

छह सदस्यीय टीम में दो डीजीसीए के होंगे। इसके अलावा चार सदस्य ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी यानी बीसीएस के होंगे। छह सदस्यीय टीम तीन दिन हिसार एयरपोर्ट पर सभी मानकों को परखेगी। इन मानकों पर खरा उतरने के बाद हिसार एयरपोर्ट का लाइसेंस जारी किया जाएगा।

हिसार एयरपोर्ट के लिए लंबे समय से लाइसेंस का इंतजार है। लाइसेंस मिलने के बाद ही हिसार से हवाई सेवाएं शुरु हो सकेंगी। प्रदेश सरकार ने अगस्त 2024 में हिसार एयरपोर्ट से हवाई सेवाएं शुरु करने का लक्ष्य तय किया था।

लाइसेंस न मिलने के कारण हवाई सेवाओं को शुरु नहीं किया जा सका। इसके बाद आचार संहिता लागू हो गई थी।

नई सरकार बनने के बाद सीएम नायब सिंह सैनी ने हिसार एयरपोर्ट से जल्द ही हवाई सेवा शुरु करने का एलान किया था। इसे पहले 9 अगस्त 2024 को डीजीसीए की टीम ने दूसरे दिन एयरपोर्ट पर 11 घंटे निरीक्षण किया था। जिसमें टीम ने करीब 54 छोटी बड़ी आपत्तियां दर्ज कराई थी। इन सभी को दुरस्त करने के बाद हिसार एयरपोर्ट के अधिकारियों ने दोबारा से डीजीसीए को रिपोर्ट भेजी। बता दें कि एयरपोर्ट से हवाई उड़ान को लेकर प्रदेश सरकार एमओयू कर चुकी है। जयपुर, अहमदाबाद, चंडीग?, अयोध्या और जम्मू के लिए हवाई सेवाएं शुरु करने को लेकर जनवरी 2024 में ही एमओयू हो चुके हैं।

## 5 जनवरी को एयरपोर्ट पर आए थे मुख्य सचिव


यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर का टर्मिनस बनाया जाएगा। जिसका शिलान्यास पीएम नरेंद्र मोदी से कराया जाएगा। मुख्य सचिव ने विवेक जोशी ने जनवरी महीने में एयरपोर्ट पहुंच कर हवाई पट्टी का निरीक्षण किया था। यहां होने वाली गतिविधियों का निरीक्षण कर तमाम पहलुओं पर जानकारी ली।

मुख्य सचिव ने एयरपोर्ट के हैंगर, लाइटिंग, टर्मिनल , सिक्योरिटी, पार्किंग ,हवाई पट्टी सहित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं का निरीक्षण किया था।

## सेना ने उड़ाए लड़ाकू जहाज

हिसार एयरपोर्ट की हवाई पट्टी की पिछले सप्ताह 4 से 7 फरवरी तक एयरफोर्स की टीम ने उपयोग किया था। जिसमें वायुसेना के लड़ाकू जहाज यहां पर उतारे गए। वायुसेना के इन जहाजों ने तीन दिन तक यहां अभ्यास प्रशिक्षण किया। सिरसा से आई वायुसेना की टीमों ने यह अभ्यास किया था।






# धोखेबाज निकली पत्नी: पति ने 45 लाख खर्च कर कनाडा भेजा, विदेश पहुंचते ही बदल गया इरादा, भेजा तलाक का नोटिस

**हलवारा • मुकुल कालिया**

ससुराल के 45 लाख रुपये खर्च करवा कनाडा गई पत्नी ने पति को पीआर करवाने की बजाए उसे तलाक का नोटिस थमा दिया। पति के कनाडा पहुंचने के 10 दिन बाद उसे छोड़ कर चली गई और घर का सारा सामान भी साथ ले गई। लुधियाना के हलवारा के गांव ढैपई निवासी गुरचरण सिंह ने बेटे तेजिंदर सिंह को कनाडा की पीआर दिलवाने के लिए बहू दान कौर को 45 लाख रुपये खर्च कनाडा भेजा था।

परेशान होकर गुरचरण सिंह ने जिला लुधियाना ग्रामीण पुलिस प्रमुख एसएसपी नवनीत सिंह बैंस को मामले की शिकायत दी। शिकायत की जांच में गुरचरण सिंह के आरोप सही पाए गए और अब जोधां पुलिस ने दान कौर उसकी मां सरबजीत कौर वासी खोखर जिला होशियारपुर और दान कौर के फूफा जसवीर सिंह वासी गांव बधाई के खिलाफ 45 लाख रुपये की ठगी करने का केस दर्ज किया है।

थाना जोधां के प्रभारी इंस्पेक्टर दविंदर सिंह ने बताया कि दान कौर कनाडा में है, उसकी मां सरबजीत कौर और फूफा जसवीर सिंह को



गिरफ्तार करने के लिए कानूनी नोटिस भेजे जा रहे हैं। दान कौर के खिलाफ कार्रवाई के लिए कनाडा स्थित भारतीय दूतावास और भारत स्थित कनाडा दूतावास को लिखा जा रहा है। दान कौर की एलओसी खोलने की कानूनी प्रकिया शुरू कर दी है।

### शादी के 15 दिन बाद कनाडा चली गई दान कौर

पीड़ित गुरचरण सिंह ने बताया कि उनके गांव ढैपई के बिचौलिए के माध्यम से 9 अगस्त 2023 को अपने बेटे तेजिंदर सिंह की शादी दान कौर के साथ की थी। दान कौर को कनाडा भेजने से लेकर शादी पर आने वाला सारा खर्च किया। शादी से पहले बाकायदा एक एग्रीमेंट किया गया था, जिसमें उनके बेटे तेजिंदर सिंह को कनाडा की पीआर दिलवाने की शर्त रखी गई थी।

शादी के 15 दिन बाद दान कौर कनाडा चली गई। 11 मार्च 2024 को उनका बेटा तेजिंदर भी कनाडा चला गया। तेजिंदर के कनाडा पहुंचने के 10 दिन बाद ही दान कौर उसे छोड़ कर चली गई और सारा सामान भी समेट कर ले गई। दान कौर ने तेजिंदर को पीआर करवाने की बजाए उसे तलाक का नोटिस थमा दिया।

### कनाडा में धक्के खा रहा बेटा

गुरचरण सिंह ने बताया कि उनका बेटा अब कनाडा में धक्के खाता फिर रहा है। जबकि उनकी बहु दान कौर और उसका परिवार उनके 45 लाख रुपये भी वापस नहीं कर रहे हैं। दान कौर के फूफा जसवीर सिंह इस पूरी साजिश में उनका साथ देता रहा। पति-पत्नी के तलाक का मामला अभी कनाडा की अदालत में विचाराधीन है।

गुरचरण सिंह ने अपनी शिकायत में कहा कि उनके पास सिर्फ 10 लाख रुपये थे। 45 लाख रुपये इकट्ठा करने के लिए 10 लाख का बैंक से लोन लिया और बाकी 25 लाख रुपये रिश्तेदारों और अन्य लोगों से ब्याज पर लिए थे। वो छोटे किसान हैं जिसके चलते उनका दूसरा बेटा दलजीत सिंह लुधियाना की फैक्ट्री में काम करता है।

### बिचौलिए पर भी दर्ज हो केस

उन्होंने पुलिस प्रशासन और सरकार से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने मांग की है कि दान कौर उनके बेटे तेजिंदर को कनाडा में पीआर करवाए नहीं तो उनके 45 लाख रुपये वापस करें। गुरचरण सिंह ने बिचौलिए को भी मुकदमे में नामजद करने की मांग की है।

# अमृतसर में पांच नशा तस्कर गिरफ्तार: आरोपियों का फ्रांस और पाकिस्तान से कनेक्शन; ज्वेलर भी कर रहा था स्मगलिंग

**अमृतसर • विजयपाल सिंह**



अमृतसर पुलिस ने पांच नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सवा दो किलो हेरोइन, एक लाख पांच हजार रुपये ड्रग मनी, एक ग्लॉक पिस्टल और एक क्रूज कार बरामद की गई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि यह सभी आरोपी गुरदासपुर और फतेहगढ़ चूड़ियां एरिया के रहने वाले हैं। सभी आरोपी लंबे समय से ड्रग्स स्मगलिंग के धंधे से जुड़े हुए थे।

इस गिरोह का मुख्य सरगना कर्मवीर सिंह हैं। आरोपी कर्मवीर सिंह यूएस भागने की फिराक में था, लेकिन रास्ते से ही डिपोर्ट हो गया था। डिपोर्ट होने के बाद आरोपी ने अपने एरिया के कुछ लोग जो फ्रांस में रह रहे हैं उनके साथ टाईअप कर पाकिस्तान के नशा तस्करों के संपर्क बनाया और सीमा पार से नशे की खेप मंगवाकर आगे सप्लाई कर रहा था।


पुलिस ने आरोपी कर्मवीर को सबसे पहले गिरफ्तार किया और गुरदासपुर के बॉर्डर एरिया के गांव दोरांगला से खेतों में दबाई गई एक किलो हेरोइन बरामद की। इसके अवाला आरोपियों में कीरतपाल सिंह उर्फ कीरत, सुखदीप सिंह उर्फ सुख, प्यारा सिंह और पंकज वर्मा उर्फ बबलू शामिल हैं। कीरतपाल सिंह के खिलाफ बटाला में आर्म्स एक्ट के तहत पहले भी केस दर्ज है। आरोपी 12वीं पास है और 18 साल इसकी उम्र है। गिरोह का किनपिन कर्मवीर सिंह है, जो 21 साल का है।

खास बात यह है कि आरोपी पंकज वर्मा पेशे से ज्वेलर है। आरोपी के खिलाफ हरियाणा के पंचकूला के पिंजौर पुलिस स्टेशन में डकैती और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज है। आरोपी पंकज वर्मा से पुलिस ने सवा दो सौ ग्राम हेरोइन बरामद की है।

# शिवसेना पंजाब नेता को मिली जान से मारने की धमकी: अमित अरोड़ा को विदेशी नंबर से आई कॉल, जांच में जुटी पुलिस

**लुधियाना • सुखविन्द्र सुखी**

कट्टरपंथियों के खिलाफ लगातार बयानबाजी कर सुर्खियों में रहने वाले शिवसेना पंजाब के नेता अमित अरोड़ा को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। विदेशी नंबर से किसी पंजाबी भाषा में बोलने वाले व्यक्ति ने जहां अमित अरोड़ा को जान से मारने की धमकियां दी, उससे पहले उन्हें गालियां देकर गलत शब्दावली का इस्तेमाल किया गया। अमित अरोड़ा ने सारी कॉल की रिकार्डिंग कर इसकी जानकारी पुलिस के उच्चाधिकारियों को शिकायत दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है कि फोन कहां से आया है। बताया जा रहा है कि किसी



विदेशी नंबर से कॉल किया गया था। इससे पहले भी अमित अरोड़ा को कई बार फोन पर धमकियां मिल चुकी है।

कट्टरपंथियों के खिलाफ बयान देकर अमित अरोड़ा पर पहले हमला हो चुका है। उनके पास एनआईए की सिफारिश पर सुरक्षा दी गई है। उन्हें कई बार पाकिस्तानी नंबर से भी जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं और कई बार अलग-अलग विदेशी नंबरों से धमकी भरे फोन कॉल्स आ चुके हैं। गुजरात पुलिस ने पीछे कुछ आतंकवादियों का भंडाफोड़ किया था तो उसमें भी खुलासा हुआ था कि अमित अरोड़ा उनके निशाने पर थे। बकायदा गुजरात पुलिस लुधियाना आकर अमित अरोड़ा के बयान दर्ज कर ले गई थी। उसके बाद फिर लगातार धमकियां आती रही।

अब एक बार फिर अमित अरोड़ा को धमकियां मिली है। अमित अरोड़ा ने बताया कि ऐसी धमकियां उन्हें कई बार आ चुकी है। वह प्रशासन को इस बारे में बता देते हैं और इस बार भी बता दिया है। बाकी वह कट्टरपंथियों के खिलाफ पहले भी बोलते थे और अब भी बोलते रहेंगे।

# मां के सामने बेटे पर हमला: अपने लाल को बचाने के लिए चिल्लाती रही महिला... बदमाशों को नहीं आया तरस

**पठानकोट • सोनू छाबड़ा**

पंजाब के पठानकोट में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। यहां एक ऐसी घटना घटी है, जिसे जानकर हर कोई स्तब्ध है। पठानकोट सिविल अस्पताल में कुछ युवकों ने गुंडागर्दी दिखाते हुए हथियारों के साथ एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। युवक पर उसकी मां के सामने बदमाशों ने हमला किया। इस हमले में युवक बुरी तरह जख्मी हुआ है। महिला बेटे को बचाने के लिए चिल्लाती रही पर आरोपियों को जरा भी तरस नहीं आया। हमलावरों ने युवक पर ताबड़तोड़ कई वार किए।

सिविल अस्पताल की इमरजेंसी में बुधवार दोपहर युवकों ने खूब गुंडागर्दी दिखाई। इमरजेंसी में उपचार के लिए आए एक युवक पर अज्ञात हमलावरों ने तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। वहीं, अस्पताल में भी तोड़ फोड़ की। घटना अस्पताल की इमरजेंसी में लगे सीसीटीवी में कैद हुई है। घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है। वहीं, प्रशासन की लापरवाही देखने को यह मिली है कि इतने बड़े अस्पताल में एक एएसआई के अलावा कोई ओर सुरक्षा कर्मी नहीं था। हाल ही में सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मी बढ़ाए गए थे। लेकिन बुधवार को वहां कोई नहीं दिखा। अस्पताल में एक पुलिस कर्मी था, वह भी खुद की जान बचाने के लिए भागता दिखा।



### हमलावरों ने महिला पर भी की हमले की कोशिश

महिला रंजना कलसी ने बताया कि उसका बेटा मानिक घर से जैसे ही निकला तो कुछ अज्ञात लोगों ने उसपर तेजधार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया। जब वे अपने बेटे को लेकर सिविल अस्पताल पहुंची तो अस्पताल की इमरजेंसी में भी 6 से 7 लोग हथियारों के साथ पहुंचे और दोबारा बेटे पर हमला कर दिया।

एक हमलावर ने महिला पर भी हमला किया, लेकिन सामने खड़े एक युवक बीच में आ गया, जिससे महिला बच गई। उन्होंने पुलिस से मांग की कि उनके बेटे पर हमला करने वाले आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हो और उनपर सख्त कार्रवाई की जाए।

### एसएमओ ने एसएसपी को दी शिकायत

एसएमओ डॉ. सुनील चंद ने कहा कि सिविल अस्पताल में उक्त हमलावरों ने जो तोड़फोड़ करते हुए उनके स्टाफ को धमकाया है।

उसकी शिकायत एसएसपी पठानकोट को दे दी गई है। अस्पताल में गुंडागर्दी करने वाले युवकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पता चला है कि पुलिस ने उक्त लोगों में से एक या दो युवक को पकड़ भी लिया है। वहीं, युवक पर हमला क्यों किया गया इसकी वजह साफ नहीं हो पाई है।

# मोगा में दिनदहाड़े चली गोलियां: पंच के घर पर बदमाशों ने की फायरिंग, डेढ़ साल पहले विदेश से लौटे थे बलोर सिंह

**मोगा • जीवन भास्कर**

पंजाब के मोगा में दिनदहाड़े फायरिंग की घटना हुई है। मोगा के के गांव डाला में गोलियां चलने से सनसनी फैल गई। बुधवार दोपहर लगभग एक बजे पंचायत पंचायत मेंबर (पंच) के घर पर बाइक सवार दो बदमाशों ने गोलिया चलाई और मौके से फरार हो गए। बदमाशों ने एक के बाद एक चार राउंड फायर किए हैं। इस घटना से गांव के लोग सहम गए हैं। घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार पंच बलोर सिंह के घर पर दोपहर में गोलियां चलाई गई। बलोर सिंह ने बताया कि दोपहर में वह घर पर थे। करीब एक बजे मोटरसाइकल पर दो अज्ञात युवक आए और घर के गेट पर 4 राउंड फायरिंग की। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। आरोपियों की बाइक पर कोई नंबर प्लेट भी नहीं थी। बदमाशों ने कपड़े से अपने मुंह ढके हुए थे। बलोर सिंह ने कहा कि उनकी किसी के साथ दुश्मनी या रंजिश नहीं है। डेढ़ साल पहले वह विदेश से लौटकर गांव में ही रहने लगे हैं। इस बार वह पंचायत के मेंबर बने हैं। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए।

# 1984 सिख दंगे: सज्जन कुमार दोषी करार...भाजपा नेता गरेवाल बोले- पीएम मोदी दिला रहे इंसाफ, आप सांसद ने किया धन्यवाद

**चंडीगढ़ • राजन शारदा**



कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद सज्जन कुमार को दिल्ली के 1984 सिख दंगों के एक मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा दोषी करार दिया गया है। सज्जन सिंह पहले ही दिल्ली हाईकोर्ट की तरफ से इन्हीं दंगों से जुड़े एक मामले में उम्रकैद की सजा पा चुके हैं। ऐसे में निचली अदालत की तरफ से एक और मामले में दोषी पाए जाने के बाद सिख दंगों में उनकी बड़ी भूमिका को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।

सज्जन कुमार को दोषी करार दिए जाने पर विपक्ष के नेताओं की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व वरिष्ठ नेता हरजीत सिंह गरेवाल ने कहा कि सज्जन कुमार 1984 सिख नस्लकुशी के दोषियों में से प्रमुख है। अदालत ने उन्हें दोषी करार देकर पीड़ितों के जख्मों पर मरहम लगाने की शुरुआत कर दी है। कांग्रेस की तरफ से सिख नस्लकुशी के आरोपियों को बचाने और उच्च पदों से नवाजने का काम किया गया। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1984 के पीड़ितों को इंसाफ दिलाने के लिए कांग्रेस द्वारा बंद कर दिए गए मामलों को माननीय सर्वोच्च न्यायालय में फिर से खुलवाया। सर्वोच्च न्यायालय की तरफ से इस पर सुनवाई करते हुए आरोपी सज्जन कुमार को दोषी करार देते हुए पीड़ितों के दिलों में बुझी इंसाफ की उम्मीद फिर से जगा दिया है।

गरेवाल ने कहा कि कांग्रेस ने करीब 30 वर्षों तक 1984 सिख नस्लकुशी के आरोपियों पर मामले दर्ज नहीं होने दिए और आरोपियों को मंत्री पदों सहित कई अन्य सम्मान देकर नवाजा। सज्जन कुमार को दोषी करार दिए जाने पर उन्होंने माननीय सर्वोच्च न्यायालय, प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि अब पीड़ितों के दिलों को ठंडक पहुंची है और उनका देश के संविधान और न्यायालय के इंसाफ पर विश्वास मजबूत हुआ है।

वहीं आम आदमी पार्टी (आप) ने न्यायालय का धन्यवाद किया है और पीड़ित परिवारों के प्रति अपना समर्थन जाहिर किया है। आप सांसद मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि सज्जन कुमार 1984 सिख दंगों में स्पष्ट तौर पर दोषी हैं और वह दंगा कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रायोजित थी। उन्होंने कहा कि सज्जन कुमार को दोषी ठहराए जाने से पीड़ित परिवार के लिए कुछ हद तक न्याय की उम्मीद जगी है। कंग ने कहा कि न्याय मिलने में बहुत देर हुई है क्योंकि कई दशक लग गए सजा का एलान होने में, फिर भी कोर्ट का यह फैसला स्वागत योग्य है। उम्मीद है कि बाकी दोषियों को भी जल्द सजा मिलेगी और सज्जन कुमार को सख्त से सख्त सजा होगी।

सिख विरोधी दंगों के दौरान 1 नवंबर 1984 को दिल्ली के सरस्वती विहार इलाके में पिता-पुत्र की हत्या कर दी गई थी। उसी मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज कावेरी बवेजा ने बुधवार को सज्जन कुमार को दोषी करार दिया है। वैसे सज्जन कुमार पिछले 6 साल से जेल में बंद हैं, उन्हें जेल से ही कोर्ट लाया गया था। अब 18 फरवरी को बहस के बाद अदालत की ओर से सजा तय की जाएगी।

# पृष्ठ 2 का शेष

### 1984 सिख दंगा केस...

पर दिल्ली पुलिस से सवाल किया। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन %गंभीरता से किया जाना चाहिए, न कि केवल दिखावे के लिए। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और उज्ज्वल भुइयां ने दिल्ली पुलिस का प्रतिनिधित्व कर रही अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि बरी किए गए लोगों के खिलाफ विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर की जानी चाहिए और ईमानदारी से प्रयास किया जाना चाहिए।

### 50,000 करोड़ के पार...

से ज्यादा और रक्षा निर्यात 30,000 करोड़ को पार कर जाएगा। 2025-26 के लिए डिफेंस मंत्रालय को 6,81,210 करोड़ रुपये का कुल आवंटन हुआ है, जो साल-दर-साल 9.53 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। डिफेंस का बजट केंद्रीय बजट का 13.45 प्रतिशत है, यह बाकी मंत्रालयों की तुलना में सबसे अधिक है। रक्षा मंत्रालय ने डिफेंस प्रोडक्शन में 16.7 प्रतिशत की चौंका देने वाली वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2023-24 में 1,26,887 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग की मजबूत इकोलॉजी, एडवांस रिसर्च ऐंड डिवेलपमेंट व दूरदर्शी नीति ढांचे के साथ, देश ऐसे भविष्य को आकार दे रहा है, जहां आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा एक साथ आगे बढ़ रही है। स्वदेशी विशेषज्ञता को रणनीतिक वैश्विक सहयोग के साथ एकीकृत करके देश एक ऐसे डिफेंस सेक्टर का मार्ग प्रशस्त कर रहा है, जो न केवल टिकाऊ है बल्कि वैश्विक सिक्योरिटी लैंडस्केप में एक प्रमुख योगदानकर्ता भी है।

### फ्रीबीज पर रुष्ट की...

उन्मूलन मिशन को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। इस योजना से शहरी इलाकों में बेघर लोगों को आश्रय देने का भी प्रावधान होगा। इस पर कोर्ट उन्हें सरकार से पूछकर स्पष्ट करने को कहा कि कितने दिन में योजना को लागू किया जाएगा। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई छह हफ्ते के लिए टाल दी।

### अश्लील कॉमेडी विवाद...

- रिपोर्ट के मुताबिक, रणवीर अलाहबादिया को दोनों इंस्टाग्राम अकाउंट्स को मिलाकर देखें तो उन्होंने कुल 72,000 फॉलोअर्स खो दिए हैं जबकि यूट्यूब पर उन्होंने कुल 70,000 सब्सक्राइबर गंवाए।
- इन्फ्लुएंसर का डेटा-संचालित करने वाली मार्केटिंग प्लेटफॉर्म, HypeAuditor के अनुसार, 9 फरवरी को बीयरबाइसेप्स के 45.27 लाख इंस्टाग्राम फॉलोअर्स थे। लेकिन तीन दिन में (9 फरवरी से), 11 फरवरी को फॉलोअर्स की संख्या गिरकर 44.80 लाख हो गई। यानी करीब 47 हजार लोगों ने इंस्टाग्राम पर उन्हें अनफॉलो कर दिया है।

#### रणवीर, समय रैना समेत 5 पर एफआई आर

बता दें, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और यूट्यूब-पॉडकास्टर रणवीर अल्लाहबादिया हाल ही में चर्चित शो इंडियाज गॉट लेटेंट के एक एपिसोड में कंटेंट क्रिएटर अपूर्व मुखीजा और कॉमिक्स आशीष चंचलानी और जसप्रीत सिंह के साथ बतौर जज पैनल पर शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने एक कंटेस्टेंट से उनके माता-पिता की इंटीमेसी को लेकर वल्गर सवाल किया था। जब सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हुआ तो लोगों ने उनके इस कमेंट पर आपत्ति जताई। रातों-रात रणवीर और समय रैना की सोशल मीडिया पर कड़ी निंदा हुई।

#### गृह मंत्री अमित शाह को पत्र

विवादित बोल के कारण राजनेताओं और तमाम सेलेब्रिटीज़ ने दोनों की खूब आलोचना की और सोशल मीडिया पर बैन इंडियाज़ गॉट लेटेंट और रणवीर अलाहबादिया की ट्रोलिंग शुरू हुई। सोमवार को अलाहबादिया, समय रैना समेत शो के आयोजकों के खिलाफ असम, मुंबई और इंदौर में पुलिस शिकायत दर्ज हुई। मंगलवार (10 फरवरी) को मुंबई पुलिस इस सिलसिले में रणवीर अलाहबादिया के मुंबई स्थित घर भी पहुंचीं। अब इस मामल में गृह मंत्री अमित शाह को भी एक पत्र लिखा गया है।

### अयोध्या राम मंदिर....

राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे।

#### 1945 में हुआ था जन्म

सत्येंद्र दास का जन्म संतकबीरनगर जिले में 20 मई 1945 में हुआ था। सत्येंद्र दास बचपन से ही भक्ति भाव में रहते थे। सत्येंद्र दास ने 1958 में घर छो? दिया। सत्येंद्र दास ने जब अपने पिता को संन्यास लेने का फैसला सुनाया तो उनके पिता ने भी कोई आश्चर्य जाहिर नहीं किया। साथ ही उन्होंने आशीर्वाद दिया। कहा कि मेरा एक बेटा घर संभालेगा और दूसरा रामलला की सेवा करेगा।

#### 1958 में आए थे अयोध्या

1958 में अयोध्या आए। यहीं पढ़ाई की। 1975 में संस्कृत विद्यालय से आचार्य की डिग्री ली। 1976 में संस्कृत डिग्री कॉलेज में असिस्टेंट टीचर की नौकरी मिली। 1 मार्च 1992 को राम मंदिर के मुख्य पुजारी के तौर पर नियुक्त हुए थे। तब उन्हें वेतन के रुपए में हर महीने 100 रुपए मिलते थे। 2019 में अयोध्या के कमिश्नर के निर्देश के बाद उनका वेतन 13 हजार कर दिया था।

#### ऐसे बने थे राम मंदिर के मुख्य पुजारी

1992 में राम मंदिर के पुजारी लालदास थे। उस समय रिसीवर की जिम्मेदारी रिटायर जज पर हुआ करती थी। उस समय जज जेपी सिंह बतौर रिसीवर नियुक्त हुए थे। फरवरी 1992 में जेपी सिंह का निधन हो गया तो राम जन्मभूमि की व्यवस्था का जिम्मा जिला प्रशासन को दिया गया। तब पुजारी लालदास को हटाने की बात हुई। 1 मार्च 1992 को सत्येंद्र दास की नियुक्ति हो गई।

### भारत ने इंग्लैंड को...

महज 1 रन बनाकर मार्क वुड की गेंद पर विकेट के पीछे कैच आउट हो गए थे। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए विराट कोहली ने गिल के साथ दूसरे विकेट के लिए 107 गेंद में 116 रन की पार्टनरशिप की। कोहली 55 गेंद में 52 रन बनाकर आउट हुए। उनका विकेट लेग स्पिनर आदिल रशीद ने लिया। उन्होंने पांचवीं बार कोहली को आउट किया। रोहित लगातार छठे वनडे में टॉस हारे। इस मैच के लिए भारतीय टीम की प्लेइंग-11 में 3 बदलाव हुए हैं। रवींद्र जडेजा, मोहम्मद शमी को आराम दिया गया है जबकि वरुण चक्रवर्ती को पिंडली में चोट लगी है। कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर और अर्शदीप सिंह खेल रहे हैं। इंग्लैंड की टीम में एक बदलाव हुए है। टॉम बैंटन को जेमी ओवरटन के स्थान पर शामिल किया गया है। टीम इंडिया 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली हार के बाद पहली बार बुधवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में उतरी है। डेढ़ साल बाद भी उस हार का जख्म शायद ही कोई भरा होगा लेकिन इस बार भारतीय टीम की स्थिति अलग है। भारत की नजर इंग्लैंड को क्लीन स्वीप करने पर होगी।

# अखनूर में एलओसी के पास सेना के दो जवान बलिदान; एक घायल; गृह मंत्री ने सुरक्षा को लेकर की बड़ी बैठक

**जम्मू-कश्मीर/अखंड केसरी ब्यूरो**

जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में मंगलवार को भारत-पाकिस्तान सीमा पर नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आईईडी ब्लास्ट में कैप्टन समेत दो जवान बलिदान हो गए। एक जवान घायल है। उन्हें सेना के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बलिदान जवानों की पहचान सेना की 9 पंजाब रेजिमेंट के कैप्टन केएस बख्शी और नायक मुकेश कुमार के रूप में हुई है। धमाका आतंकियों की साजिश बताई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवान एलओसी के पास गश्त ड्यूटी कर रहे थे। दोपहर करीब 3-50 बजे भट्टल इलाके में लालेयाली पोस्ट के पास तीन जवान इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) की चपेट में आ गए। तीनों घायलों को तुरंत सेना के कमान अस्पताल उधमपुर ले जाया गया। जहां कैप्टन समेत दो जवानों ने दम तोड़ दिया। आईईडी को आतंकियों की ओर से लगाए जाने की आशंका है। हालांकि, इसे लेकर सेना की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया



है। वहीं, विस्फोट के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर ली गई है। अतिरिक्त जवानों को तैनात कर आतंकियों की तलाश में अभियान शुरू कर दिया गया है। पूरी गहनता के साथ इलाके को खंगाला जा रहा है।

### पेट्रोलिंग पार्टी में सबसे आगे थे कैप्टन व नायक

अधिकारियों ने बताया कि पेट्रोलिंग पार्टी में सबसे आगे बलिदान हुए कैप्टन केएस बख्शी और नायक मुकेश कुमार चल रहे थे। एक अन्य जवान गंभीर रूप से घायल है, जिनका कमान अस्पताल उधमपुर में इलाज चल रहा है। उपचाराधीन जवान की शिनाख्त अभी उजागर नहीं की गई है।

### व्हाइट नाइट कोर ने लिखा, सर्वोच्च बलिदान को स्लाम

सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर इकाई ने दोनों सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को सलाम किया है। एक्स पर पोस्ट में लिखा, अखनूर सेक्टर के लालेयाली में सीमा पर गश्त के दौरान संदिग्ध इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस के विस्फोट की चपेट में आने से दो जवान बलिदान हो गए। व्हाइट नाइट कोर दोनों वीर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करता है और श्रद्धांजलि देता है।

### सोमवार को पाकिस्तान ने किया था स्नाइपर हमला

बता दें कि गत शनिवार को पाकिस्तान ने राजोरी जिले में कायराना हरकत की थी। केरी सेक्टर में भारतीय सेना के गश्ती दल पर गोलीबारी की थी। इसके बाद सोमवार को नौशेरा सेक्टर में स्नाइपर हमला किया, जिसमें गोली लगने से गश्ती दल का एक जवान घायल हो गया था।

### अमित शाह ने की उच्च स्तरीय बैठक

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इसमें उन्होंने सीमा सुरक्षा बल को सीमा ग्रिड को मजबूत करके और उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके 'शून्य घुसपैठ' सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# गृह मंत्री अमित शाह से मिले सीएम उमर अब्दुल्ला: उपराज्यपाल और सरकार के अधिकारों पर नियम तैयार, अधिसूचना जल्द

**नई दिल्ली/अखंड केसरी ब्यूरो**

जम्मू-कश्मीर में उपराज्यपाल (एलजी) और सरकार के बीच अधिकारों के बंटवारे और सरकार के कामकाज के नियमों को अंतिम रूप दे दिया गया है। माना जा रहा है कि केंद्र सरकार की ओर से जल्द ही नियमों को अधिसूचित किया जा सकता है। 3 मार्च से शुरू हो रहे केंद्र शासित प्रदेश के बजट सत्र से पहले सोमवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। दोनों के बीच सत्ता संरचना के साथ ही विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। कामकाज के नियमों को लगभग अंतिम रूप दे दिया गया है। ये नियम जम्मू-कश्मीर में एलजी के मुकाबले मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्रियों और प्रशासनिक सचिवों की भूमिका, जिम्मेदारियां और शक्तियां स्पष्ट करेंगे।



### पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की रखी मांग

संसद भवन में हुई मुलाकात के बाद सीएम उमर ने कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की भी मांग की। राज्य के विकास और सुरक्षा पर लंबी बातचीत हुई।

पर्यटन को बढ़ावा देने और राज्य के समग्र विकास पर हमने अपनी अपनी राय का आदान प्रदान किया।

चूंकि तीन मार्च से बजट सत्र शुरू हुआ है, ऐसे में इस विषय पर भी हमारी बातचीत हुई। राज्य में केंद्र की मदद से चल रही विकास परियोजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

### चुनाव से पहले एलजी के अधिकार बढ़े थे

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को खत्म किए जाने और राज्य से दर्जा घटाकर केंद्र शासित प्रदेश करने के बाद से हुए पहले चुनाव से पहले केंद्र ने उपराज्यपाल के अधिकारियों को बढ़ा दिया था। इसके लिए सरकार के कामकाज से संबंधित संचालन नियमों में संशोधन किया गया था।

इस बदलाव के बाद पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था, अखिल भारती सेवाओं और स्थानांतरण और पोस्टिंग से संबंधित मामलों में शक्तियां एलजी के अधीन आ गईं।

# पुंछ में आतंकी गतिविधियों की सूचना पर सुरक्षाबल अलर्ट, 12 इलाकों की घेराबंदी



**जम्मू-कश्मीर/अखंड केसरी ब्यूरो**

सुरक्षाबल जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकी गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद से अलर्ट हैं। करीब 12 जगहों पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को पुंछ जिले में आतंकियों की गतिविधियों की सूचना मिली। इसके तुरंत बाद मेंढर, सुरनकोट और गुरसाई के कुछ इलाकों की घेराबंदी कर ली गई। जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) और सीआरपीएफ ने मिलकर सुरनकोट में निचले चानन, सायर, सनाई जंगल, चिति भाटी और फजलाबाद, मेंढर में दराई जंगल व आसपास के इलाकों और गुरसाई में खोखर मोहल्ला, कंडी व गलहुट्टा को खंगाला। देर शाम तक तलाशी अभियान जारी था। सुरक्षाबल पूरी सतर्कता के साथ अभियान को चला रहे हैं।

# सीमा पर गश्त कर रही भारतीय सेना की टुकड़ी पर पाकिस्तान ने की फायरिंग, एक जवान घायल

**जम्मू-कश्मीर/अखंड केसरी ब्यूरो**

पाकिस्तान ने एक बार फिर कायराना हरकत की है। राजोरी जिले में एक हफ्ते में दूसरी बार संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है। केरी सेक्टर में भारतीय सेना के गश्ती दल पर गोलीबारी के बाद अब नौशेरा सेक्टर में स्नाइपर हमला किया है। इसमें गोली लगने से गश्ती दल का एक जवान



घायल हुआ है। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सूत्रों के अनुसार, सेना के जवान सोमवार को नौशेरा सेक्टर के कलाल में गश्त कर रहे थे। दोपहर बाद करीब 2.40 बजे पाकिस्तान की ओर से गश्ती दल को निशाना बनाकर स्नाइपर हमला किया गया। गोली लगने से एक जवान घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार देकर हवाई मार्ग से सैन्य अस्पताल 150 जीएच राजोरी शिफ्ट किया गया है।

घायल जवान की पहचान हवलदार पूरन सिंह 4 कमाऊ (कलाल बटालियन) के रूप में बताई जा रही है। वहीं, हमले के बाद सुरक्षाबल अलर्ट पर हैं। हालांकि, इस हमले को लेकर सेना की ओर से अभी आधिकारिक तौर पर कोई बयान जारी नहीं किया गया है। बता दें कि जिले के केरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा से सटे बारतगाला में आठ फरवरी को भी पाकिस्तानी सेना ने गश्त कर रहे भारतीय जवानों पर गोलीबारी की थी। मुंहतोड़ जवाब दिए जाने पर पाकिस्तान ने गोलीबारी बंद कर दी थी।

### वर्ष 2020 में जेसीओ हुए थे बलिदान

केरी सेक्टर में पाकिस्तान ने 2 सितंबर 2020 को गोलीबारी की थी। इसमें सेना के जेसीओ बलिदान हो गए थे। इससे पहले नौशेरा में अगस्त 2020 में पाकिस्तान की गोलीबारी में जवान बलिदान हो गया था।

# दलाश से आनी जा रही चलती एचआरटीसी बस का टायर खुला, सड़क के दूसरी तरफ पहुंचा; बड़ा हादसा टला

**आनी (कुल्लू)/अखंड केसरी ब्यूरो**

हिमाचल प्रदेश के आनी क्षेत्र में बुधवार को बड़ा सड़क हादसा होने से टल गया। दलाश से आनी जा रही एचआरटीसी बस का टायर अचानक खुल गया और लुढ़कता हुआ सड़क की दूसरी तरफ चला गया। गनीमत रही कि बस अनियंत्रित होकर खाई में नहीं गिरी। चालक की सूझबूझ से यात्रियों की जान बच गई।

जानकारी के अनुसार आनी के निमला के पास बुधवार सुबह करीब नौ बजे दलाश से आनी जा रही परिवहन निगम की चलती बस का चक्का खुल गया और टायर बस से अलग हो गया।




हादसे के दौरान बस में 13 यात्री सवार थे। चालक की सूझबूझ से यात्री बाल-बाल बच गए। बताया जा रहा है कि मंगलवार को ही रामपुर में बस की मरम्मत करवाई गई थी। इससे पहले बीते 31 जनवरी को भी एचआरटीसी) की नित्थर से रामपुर जाने वाली बस का खेगसू में टायर खुल गया था और बस सड़क से लगभग बाहर हो गई थी। चालक की मुस्तैदी से एक बड़ा हादसा होने से टला।

# प्रदेश में दिसंबर 2025 तक 72 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा-सीएम सुक्खू


**शिमला/अखंड केसरी ब्यूरो**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को कहा कि दिसंबर 2025 तक हिमाचल प्रदेश में सात परियोजनाओं से 72 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने ऊना जिला में दो परियोजनाओं का निर्माण कार्य शुरू किया है, इनमें से 12 मेगावाट क्षमता की एक परियोजना गोंदपुर बुल्ला और 11 मेगावाट क्षमता की परियोजना लमलाहड़ी उपरली में स्थित है। उन्होंने कहा कि सोलन जिला में तीन परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, इनमें नालागढ़ के सनेड में 13 मेगावाट, ब?ा बरोट में आठ मेगावाट और दभोटा माजरा में 13 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि नौ मेगावाट की दभोटा-वन परियोजना के लिए शीघ्र ही निविदा जारी की जाएगी और इसका निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। इसके अलावा ऊना जिला के टिहरा खास में छह मेगावाट की सौर परियोजना के लिए भी निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और इसी महीने इसके स्वीकृत होने की संभावना है। प्रदेश में सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में 325 मेगावाट संयुक्त क्षमता की आठ अतिरिक्त परियोजनाओं के लिए सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पूरी होने के बाद इन सौर ऊर्जा परियोजनाओं का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

सुक्खू ने कहा कि वर्तमान सरकार पर्यावरण संरक्षण और सत्त विकास को अधिमान देते हुए वर्ष 2026 तक हिमाचल को देश के पहले हरित ऊर्जा राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए प्रयासरत है। प्रदेश सरकार हरित ऊर्जा का उपयोग सुनिश्चित कर पर्यावरण संरक्षण के साथ कार्बन उत्सर्जन में कमी करने की दिशा में भी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा अक्षय ऊर्जा स्रोत हैं। इसका उपयोग कर भावी पीढ़ियों के लिए ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। राज्य सरकार की यह नवोन्मेषी पहल जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊना जिला के पेखुबेला में 32 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना 15 अप्रैल 2024 को जनता को समर्पित की गई थी। इस परियोजना से 48 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया गया है, जिससे 31 जनवरी तक 14 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया गया है। इसके अलावा, ऊना जिले के भंजाल में पांच मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना का निर्माण कार्य 30 नवंबर, 2024 से शुरू हो गया है और अघलौर में 10 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना का निर्माण इसी माह पूर्ण होने की संभावना है। हरित हाइड्रोजन ऊर्जा के उत्पादन को भी केन्द्र में रखकर राज्य सरकार कार्य योजना बनाकर काम कर रही है। ऑयल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से सोलन जिला के नालागढ़ में एक मेगावाट क्षमता की हरित हाइड्रोजन परियोजना का निर्माण कार्य शुरू किया गया है, जिसके लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित किया गया है।

# नॉन बोर्ड कक्षाओं की परीक्षाएं 4 मार्च से, समग्र शिक्षा अभियान ने जारी की डेटशीट



**शिमला/स्पीड नेशन ब्यूरो**

हिमाचल प्रदेश के ग्रीष्मकालीन छुट्टियों वाले स्कूलों में चार मार्च से असेसमेंट परीक्षाएं शुरू होंगी। समग्र शिक्षा अभियान के राज्य परियोजना कार्यालय ने पहली, दूसरी, चौथी, छठी और सातवीं कक्षा की परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। इन कक्षाओं में किसी भी विद्यार्थी को फेल नहीं किया जाता है। असेसमेंट परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर वार्षिक ग्रेडिंग तैयार की जाएगी। सभी केंद्रों में सुबह 10 बजे परीक्षा शुरू होगी।

तीन घंटे की परीक्षा दोपहर एक बजे तक चलेगी। परीक्षाओं को सुचारु रूप से करवाने के लिए सभी जिला उप निदेशकों को आदेश जारी कर दिए गए हैं। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले लाखों विद्यार्थी परीक्षाएं देंगे। जानकारी के मुताबिक परीक्षा परिणाम ई संवाद एप पर अपलोड किया जाएगा। 31 मार्च को स्कूलों में परिणाम घोषित होंगे। अप्रैल 2025 से ग्रीष्मकालीन स्कूलों में नया शैक्षणिक सत्र शुरू होगा।

### ये रहेगा शेड्यूल

11 मार्च को पहली कक्षा का अंग्रेजी, दूसरी का गणित का पेपर होगा। वहीं, 12 मार्च पहली व दूसरी कक्षा का हिंदी और 15 मार्च को पहली का गणित व दूसरी का अंग्रेजी का पेपर होगा। वहीं 10 मार्च को चौथी कक्षा का हिन्दी, 13 को गणित, 15 को अंग्रेजी और 17 को पर्यावरण की परीक्षा होगी। इसके अलावा चार मार्च को छठी कक्षा का संस्कृत, सातवीं का योग/संस्कृति का पेपर होगा। वहीं, पांच को छठी का ड्राइंग, सातवीं का संस्कृत, छह को छठी का हिंदी व सातवीं का सोशल साइंस का पेपर होगा। सात मार्च को छठी का योग, सातवीं का हिंदी, 10 मार्च को छठी व सातवीं की अंग्रेजी की परीक्षा होगी। 12 मार्च को छठी की साइंस, सातवीं की ड्राइंग, 15 मार्च को छठी व सातवीं की ग णित की परीक्षा होगी। 17 मार्च को छठी का सोशल साइंस व सातवीं का विज्ञान का पेपर होगा।

**आवश्यकता**

स्पीड नेशन समाचार पत्र को हिमाचल से पत्रकारों, स्तंभ लेखकों, फोटोग्राफरों, बिजनैस प्रतिनिधियों की तुरन्त आवश्यकता है।

वेतन योग्यतानुसार दिया जाएगा

मोबाइल : 98153-88011

# अफसरों के निजी स्टाफ पर होगा अब फाइलें ट्रैक करने का जिम्मा, सरकार ने बदली पुरानी व्यवस्था

**शिमला/अखंड केसरी ब्यूरो**

हिमाचल प्रदेश के प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, उपायुक्तों सहित प्रबंध निदेशकों के निजी स्टाफ पर अब फाइलें ट्रैक करने का जिम्मा रहेगा। फाइल प्रबंधन की प्रक्रिया सुव्यवस्थित करने और प्रशासनिक कार्य की दक्षता में सुधार के लिए राज्य सरकार ने पुरानी व्यवस्था बदल दी है।

अब प्रत्येक कार्य दिवस के अंत में ये कर्मचारी सभी लंबित फाइलों के बारे में सूचना एकत्र करेंगे। निजी स्टाफ की जिम्मेदारी होगी कि यह उच्च अधिकारी को त्वरित कार्रवाई के लिए भी सूचित करेंगे। प्रशासनिक सुधार विभाग ने समय पर फाइलों का निपटान सुनिश्चित करने के लिए नई फाइल प्रबंधन प्रणाली लागू की है। विभिन्न विभागों, निदेशालयों, बोर्डों और निगमों की ओर से फाइलों की अनुचित ट्रैकिंग और निपटान के बारे में चिंता जताए जाने के बाद यह फैसला लिया गया है।

विभाग के संयुक्त सचिव की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार ऐसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों से निपटने और उन्हें ट्रैक करने की प्रणाली अपर्याप्त मानी गई है, जिसके परिणामस्वरूप देरी और अक्षमताएं




होती हैं। इस मुद्दे को हल करने के लिए निर्णय लिया गया है कि संबंधित कार्यालयों में अधिकारियों को सौंपे गए निजी कर्मचारी अब भेजने वाले कार्यालयों को सूचित करने के लिए जिम्मेदार होंगे कि उनके स्तर पर फाइलों का निपटान किया गया है या नहीं।

इसके अलावा, प्रत्येक कार्य दिवस के अंत में वे कर्मचारी सभी लंबित फाइलों को एकत्र करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें ठीक से ट्रैक किया गया है। फिर इन फाइलों को बिना देरी के एकत्र करने की जिम्मेदारी संबंधित कार्यालयों की होगी।

### प्रक्रिया का सख्ती से पालन करने के निर्देश

ऐसे मामलों में जहां कोई जरूरी फाइल नहीं ली पाई है, निजी स्टाफ की जिम्मेदारी होगी कि यह संबंधित सचिव को तुरंत इस बारे में सूचित करे ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

विभिन्न विभागों के नियंत्रण वाले सभी संबंधित कार्यालयों से इसका पालन करने को कहा गया है।

विभाग और को निर्देश दिया गया है कि वे इस परिवर्तन के बारे में अपनी-अपनी टीमों को सूचित करें व सुनिश्चित करें कि महत्वपूर्ण फाइलों व और कागजातों के प्रबंधन में किसी भी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश न रहे।

# हिंदी समाचार पत्र अखंड केसरी की तरफ से करवाई गई वंदनीय मां सरस्वती पूजा की प्रमुख झलकियां








हिंदी समाचार पत्र अखंड केसरी की तरफ से करवाई गई मां सरस्वती की पूजा एवं लंगर भंडारे में विशेष तौर पर पहुँचे मां बगलामुखी धाम के संस्थापक एवं व्यवस्थापक नवजीत भारद्वाज व उनके साथ अखंड केसरी के संपादक अंकित भास्कर, पत्रकार विजयपाल सिंह, पत्रकार सुखविन्द्र सुखी । ( दूसरे चित्र में ) नवजीत भारद्वाज जी मां सरस्वती जी को माथा टेकते हुए। ( तीसरे चित्र में ) स्वामी नवजीत भारद्वाज के साथ अखंड केसरी के संपादक अंकित भास्कर, पत्रकार जीवन भास्कर, पत्रकार विजयपाल सिंह, पत्रकार सुखविन्द्र सुखी, पत्रकार अभि भास्कर ।





हिंदी समाचार पत्र अखंड केसरी की तरफ से करवाई गई मां सरस्वती की पूजा एवं लंगर भंडारे में विशेष तौर पर पहुंचे कालिका धाम के आचार्य इंद्रदेव बब्लू लंगर भंडारे का शुभारंभ करते हुए व व उनके साथ अखंड केसरी के संपादक अंकित भास्कर, पत्रकार वैभव सिंगला, पत्रकार सोनू छाबड़ा ( दूसरे चित्र में ) कालिका धाम के आचार्य इंद्रदेव बब्लू अखंड केसरी के संपादक अंकित भास्कर व उपसंपादक रिंकू सैनी को चुनरी देकर सम्मान का आशीर्वाद देते हुए साथ में नज़र आ रहे है पत्रकार सुखविन्द्र सुखी व अन्य।








हिंदी समाचार पत्र अखंड केसरी की तरफ से करवाई गई मां सरस्वती की पूजा एवं लंगर भंडारे में विशेष तौर पर पहुंचे कालिका धाम के आचार्य इंद्रदेव बब्लू वंदनीय मां सरस्वती जी को माथे टेकते हुए। ( दूसरे चित्र में ) आचार्य इंद्रदेव बब्लू व रिंकू सैनी धार्मिक विषयों पर गहन चर्चा करते हुए। ( तीसरे चित्र में ) संपादक अंकित भास्कर द्वारा पत्रकार जीवन भास्कर, विजयपाल सिंह, सुखविन्द्र सुखी को चुनरी देकर सम्मानित किया गया।

# मां बगलामुखी धाम गुलमोहर सिटी जालंधर में हुए मां के जागरण में नवजीत भारद्वाज और प्रसिद्ध समाजसेवक नीलकंठ जज द्वारा हिंदी समाचार पत्र अखंड केसरी की टीम को विशेष तौर पर सम्मान किया













